# कम मेहनत, थोड़े पानी में संरक्षित खेती कर बेहतर उत्पादन लेने के बताए गुर

## संरक्षित खेती विषय में पाली हाऊस, शेड नेट हाऊस की उपयोगिता पर किसानों को शिविर लगाकर दी जानकारी

**शाजापुर, 29 जनवरी. कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा ग्राम कुमारियाखास मे संरक्षित खेती विषय में पाली हाऊस, शेड नेट हाऊस की उपयोगिता ग्रामीण युवाओं हेतु व्यायवसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत मे मुख्य अतिथि आरएल जामरे उपसंचालक कृषि ,केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. जीआर अम्बावतिया एवं कृषि अभियांत्रिकी वैज्ञानिक डॉ. एसएस धाकड़ ने किसानों को संरक्षित खेती के बारे में जानकारियां दी.**




उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में अभी भी अनेक किसान परंपरागत तरीकों से ही खेती कर रहे हैं. जिसके चलते उनकी लागत तो बढती ही है वहीं उत्पादन भी मनमाफिक नहीं मिल पाता है. ऐसे में किसानों को नवीन तकनीकियों को अपनाने की लगातार सलाह दी जा रही है. शिविर के दौरान अधिकारियों ने किसानों को बताया कि यदि वे कृषि विशेषज्ञों की सलाह से उन्नत तकनीकों को अपनाकर खेती करें तो कम मेहनत, थोडे पानी में बेहतर उत्पादन ले सकते हैं. इस दौरान किसानों की जिज्ञासाओं को भी दूर किया गया.

### केवीके के वैज्ञानिकों की सलाह लेकर खेती को उन्नत बनाएं

कार्यक्रम के शुभारंभ के मुख्य अतिथि आरएल जामरे उपसंचालक कृषिए शाजापुर ने बताया कि संरक्षित खेती की मुख्य तकनीकों को उपयोग कर कृषक अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकता है . कृषक भाई कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर से जुड़कर उन्नत कृषि तकनीको की जानकारी प्राप्त कर अपनी खेती को उन्नत बनाए . जैविक एवं प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीको का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें . इस दौरान उनके द्वारा संरक्षित खेती अंतर्गत विभाग की विभिन्न योजनाओ की जानकारी विस्तार से दी गई .

### कृषकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया

कार्यक्रम के दौरान केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. जीआर अम्बावतिया ने बताया कि संरक्षित खेती अंतर्गत कृषक भाई ड्रिप एवं स्प्रिंकलर का उपयोग कर कम पानी मे अधिक उत्पादन ले सकत हैं. साथ ही कृषको को सलाह दी गई की प्रशिक्षण दौरान बताई गई उन्नत कृषि तकनीक को ज्यादा से ज्यादा अपनाएं जिससे ग्रामीण युवाओं हेतु स्वरोजगार स्थापित कर सके. इस दौरान कृषकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया.

### खेती से सालाना 20 लाख तक की कर रहे कमाई

अतिथियों द्वारा इस दौरान सत्यनारायण पाटीदार एवं राजेश पाटीदार के खेत मे उद्यानिकी विभाग के सहयोग से 2000 वर्गमीटर मे नवनिर्मित शेडनेटहाऊस का उद्घाटन किया. किसान सत्यनारायण पाटीदार एवं राजेश पाटीदार द्वारा बताया गया कि वह कृषि विज्ञान केन्द्र के मार्गदर्शन मे पिछले पांच वर्षो से संरक्षित खेती के विभिन्न घटको जैसे ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग पाली हाऊस, शेडनेटहाऊस एवं उन्नत कृषि यंत्रों के माध्यम से 10 बीघा मे खीरा, मिर्च, टमाटर, गेंदा ,बैंगन, तरबूज लहसुन की फसल से सालाना लगभग 18 से 20 लाख शुद्ध लाभ प्राप्त कर रहे है एवं 2000 वर्गमीटर मे नवनिर्मित शेडनेटहाऊस माध्यम से उद्यानिकी फसलों की पौध किसान भाई उचित दर पर खरीद सकते हैं. इस दौरान कृषकों की समस्याओं का मौके पर निदान किया.

### ...तो 70 फीसद कम पानी और 35 फीसद कम खाद

प्रशिक्षण के प्रभारी कृषि वैज्ञानिक डॉ . एसएस धाकड़ के द्वारा संरक्षित खेती के विभिन्न घटको जैसे ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग, पाली हाऊस, शेडनेट हाऊस, वाक इन टनल, लो टनल एवं उन्नत कृषि यंत्रों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी . इस कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि ड्रिप सिंचाई द्वारा पानी की 70 प्रतिशत तक बचत, खाद की 35 प्रतिशत तक बचत उत्पादन एवं गुणवत्ता में 60 प्रतिशत तक वृद्धि होती है . साथ ही सिंचाई प्रणाली को सभी प्रकार की मृदाओं में प्रयोग किया जा सकता है . कीट एवं रोगो का प्रभाव कम किया जा सकता है . प्रशिक्षण में डॉ . एसएस धाकड़ के द्वारा बताया गया मल्चिंग तकनीक के उपयोग से सब्जियों की उपज में 40 प्रतिशत तक वृद्धि होती है .

## मौसम से हुए नुकसान का सर्वे करने की मांग

**शुजालपुर, 29 जनवरी.** क्षेत्र में दो दिवस पूर्व हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के साथ तेज हवा के कारण तहसील क्षेत्र के कुछ गांवों में फसलों को नुकसान हुआ है. क्षेत्र में किसानों द्वारा इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का सर्वे कर मुआवजा दिए जाने की मांग की जा रही है. ग्राम चौकी नसीराबाद के किसानों ने गुरूवार को सर्वे की मांग करते हुए प्रदर्शन किया और मुआवजे के लिए ज्ञापन सौपा गया. किसानों का कहना है कि तेज हवा व बारिश के कारण गेहूं की फसल आडी हो गई और ओलावृष्टि से भी फसले प्रभावित हुई है. इसी प्रकार अन्य कुछ ग्रामों के लोगों ने भी मौसम के कारण हुए नुकसान से मुआवजा दिए जाने की मांग की. क्षेत्र में पिछले दो दिनों से तापमान में गिरावट हो रही है और कोहरा भी छा रहा है. गुरूवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री के आसपास रहा.

## आईटी सेक्टर में करियर मार्गदर्शन दिया

### शैक्षणिक संस्थाओं में छात्रों को प्रेरित किया



**शुजालपुर, 29 जनवरी. शासकीय उच्चातर माध्यमिक विद्यालय अमलाय में 5 दिवसीय करियर मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रथम दिवस चिन्तन परमार आर्किटेक्ट इंजीनियर द्वारा आईटी सेक्टर मे केरियर मार्गदर्शन दिया गया वरिष्ठशिक्षक जसमत सिह बेस द्वारा वर्तमान बाजार मांग आधारित करियर संबंधी जानकारी प्रदान की गई, द्वितीय दिवस शोभित जैन पटवारी ने विभिन्न क्षेत्रों मे प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक जानकारी साझा की. इसी प्रकार करियर काउंसिलिंग के तृतीय दिवस शासकीय सेवाओं एवं उच्च शिक्षा से संबंधित जानकारी दी गई.**

काउंसलर शिक्षक जनार्दन शर्मा एवं राहुल दशवंती ने बच्चों को यूपीएससी, पी एस सी, एन डी ए, सी ए तथा अन्य स्टेट लेवल सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए मार्गदर्शन दिया. प्राचार्य शांतिलाल अलंसे ने केरियर मार्गदर्शन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला.इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षको व शिक्षिकाओं द्वारा पूर्ण रुप से सहभागिता की गई.

### कन्याशाला में कृषि संबंधी व्याख्यान हुआ

पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयए शुजालपुर मंडी में करियर मेला तहत कृषि संबंधी व्याख्यान का आयोजन किया गया. इस अवसर पर जामनेर नर्सरी के मैनेजर भारत सिंह ने छात्राओं को कृषि से संबंधित विभिन्न जानकारियाँ प्रदान कीं तथा कृषि के क्षेत्र में करियर निर्माण के लिए उपयोगी मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की प्राचार्य अल्पना राणा ने माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया. कार्यक्रम का संचालन बनेसिंह मेवाड़ा एवं आभार करियर प्रभारी प्रीति चौहान ने माना. इस आयोजन में सुनिल पाटीदार, कृष्णा सहित अन्य शिक्षकों का सरहानीय योगदान रहा.




### शुजालपुर सिटी में भी हुआ आयोजन...

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर नगर में जारी करियर मार्गदर्शन के तीसरे दिन आईडीबीआई शाखा प्रबंधक अनिल परमार, जेएनएस कॉलेज के प्रीतम परमार के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया . जिसमें अनिल परमार ने छात्रों को बैंकिंग एवं अन्य सेवा क्षेत्र में करियर की उपलब्धता पर प्रकाश डाला एवं इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में बताया . इसी प्रकार प्रीतम परमार ने आईटी और उच्चशिक्षा में सुनहरे करियर एवं उपलब्ध अवसरों की जानकारी छात्रों को दी . संस्था प्रधान प्राचार्य तृप्ति पाठक ने भी छात्रों को करियर संबंधी मार्गदर्शन दिया . संस्था की प्राचार्या ने आईडीबीआई बैंक शुजालपुर शाखा द्वारा उपलब्ध कराए गए एलईडी साउंड सिस्टम एवं वाटर कुलर के लिए आभर व्यक्त किया . इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव, अलका यादव सहित अन्य उपस्थित थे .

## मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के तहत रघुनंदन बने प्रेरणा स्रोत

**शाजापुर, 29 जनवरी. बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर द्वारा ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत शाजापुर के सहयोग से मशरूम उत्पादन विषय पर 10 दिवसीय आवासीय नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल संचालन किया जा रहा है. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 जनवरी से 29 जनवरी तक आयोजित किया.**

प्रशिक्षण के अंतर्गत 27 जनवरी को प्रतिभागियों का फील्ड विजिट मोमन बड़ोदिया विकासखंड के ग्राम निपानिया करजू में आयोजित किया गया. यह फील्ड विजिट रघुनंदन पाटीदार पिता प्रकाशचंद पाटीदार के यहां कराया गया, जो स्वयं भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षु हैं. रघुनंदन पाटीदार ने प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई तकनीकों को अपनाते हुए अपने घर पर ही मशरूम उत्पादन की शुरुआत की है तथा अब तक 250 से अधिक मशरूम बैग तैयार कर चुके हैं. उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से उन्हें तकनीकी जानकारी के साथ आत्मविश्वास भी मिला है. उन्होंने जोखिम उठाकर इस कार्य की शुरुआत की है और उनका कहना है कि श्अब रुकने का सवाल ही नहीं है, आने वाले समय में इसे बड़े स्तर पर ले जाने की पूरी योजना है, उनका यह प्रयास अन्य प्रशिक्षुओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बना. फील्ड विजिट के दौरान बीओआई आरसेटी सदस्य जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा एवं राजेश परमार उपस्थित रहे. संकाय सदस्यों ने प्रशिक्षुओं को मौके पर ही मशरूम उत्पादन की व्यावहारिक बारीकियों, गुणवत्ता नियंत्रण, लागत प्रबंधन एवं विपणन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं. उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं बल्कि प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर बनाकर वास्तविक आजीविका के साधन से जोड़ना है. मशरूम प्रशिक्षण ट्रेनर हेमंत जी ने भी उत्पादन प्रक्रिया, बैग तैयारी, देखरेख एवं संभावित समस्याओं के समाधान पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया. यह फील्ड विजिट प्रशिक्षणार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी रही, जिससे उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान के एवं व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हुआ और स्वरोजगार की दिशा में उनका आत्मविश्वास और अधिक मजबूत हुआ.

## बीकेएसएन कॉलेज में ब्यूटी पार्लर कोर्स का हुआ समापन

### स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत किया गया आयोजन

**शाजापुर, 29 जनवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर द्वारा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत ब्यूटी पार्लर विषय पर अल्पकालीन प्रशिक्षण 30 दिसंबर से 29 जनवरी तक दिया गया. बुधवार को प्रमाण पत्र वितरण कर समापन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष विपुल कसेरा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई.**

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदशन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आरसी चौहान ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य से अवगत कराया. प्रशिक्षण में भागीदारी करने वाली छात्रा पायल सोनगरा एवं प्रिया सोनगरा ने प्रशिक्षण के अनुभव साझा किए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष कसेरा ने कहा कि वर्तमान में विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ स्कील डेवलपमेंट संबंधी पाठ्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए, बदलते परिवेश में सजग रहते हुए मोबाईल जैसे





उपकरणों का शैक्षणिक कार्य में सकारात्मक उपयोग करना है.

### शाल एवं श्रीफल से किया गया सम्मानित

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . वीवी मीणा ने कहा कि छात्राओं को ऐसे प्रशिक्षणों से आत्मनिर्भरता के भाव जागृत होते है स्वयं सुन्दर रहना सिखती है एवं अपने परिवार की माता एवं बहनों को सुन्दर रहने के तरीके सिखाती है . प्रशिक्षक श्रीमती बबीता बोस ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिखाई गई विभिन्न विधाओं की जानकारी दी . संपूर्ण प्रशिक्षण अवधि में उपस्थित छात्राओं को मप्र सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पुस्तिका का वितरण किया गया . प्रशिक्षण प्रदान करने वाली श्रीमती बबीता बोस को प्राचार्य एवं जनभागीदारी अध्यक्ष द्वारा शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया . इस अवसर पर डॉ . दिनेश निंगवाल, प्रो . मीनू गिडवानी, डॉ . दौलतराम राठौर, डॉ .श्वेता चौहान, प्रो . अभिषक पाटीदार, डॉ .सीता बोरासी, डॉ . गोविंद सिंह चन्द्रावत, डॉ . अफजल मंसूरी, डॉ . दिलीप माहेश्वरी मौजूद रहे . कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ . भेरूलाल मालवीय ने किया एवं आभार विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र डॉ . शिवराजसिंह राठौर ने माना .

## असमय वर्षा एवं ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण

**सोयतकलां, 29 जनवरी. विभिन्न क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा एवं ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया. एसडीएम, तहसीलदार, कृषि विकास अधिकारी एवं हल्का पटवारियों के संयुक्त दल द्वारा अनुभाग क्षेत्र सुसनेर, नलखेड़ा के ग्राम गुराडिया खाती, धनोरा, टिकोन एवं गुंजारिया तथा अनुभाग क्षेत्र आगर बड़ौद के ग्राम तनोड़िया, ठिकरिया, भांचाखेड़ी, गुंदी सहित अन्य ग्रामों में प्रभावित फसलों का निरीक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण किया गया.**



निरीक्षण के दौरान किसानों को परामर्श दिया गया कि वे अपनी प्रभावित फसलों की जानकारी अनिवार्य रूप से 72 घंटे के भीतर फसल बीमा कंपनी को उपलब्ध कराएं, जिससे उन्हें फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त हो सके. साथ ही किसानों को फसल बीमा से संबंधित शिकायत एवं सूचना दर्ज कराने हेतु बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर संपर्क करने के लिए भी अवगत कराया गया. अनुभाग क्षेत्र आगर के ग्रामों के भ्रमण के दौरान विधायक मधु गहलोत, जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, भेरूसिंह चौहान, किसान नेता डूंगरसिंह सिसौदिया, राघवसिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे. इस दौरान एसडीएम मिलिन्द ढोके, नायब तहसीलदार गिरीश सूर्यवंशी, संबंधित हल्का पटवारी एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे. इसी प्रकार सुसनेर, नलखेड़ा क्षेत्र में गठित संयुक्त दल में एसडीएम सर्वेश यादव, उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया, तहसीलदार नलखेड़ा प्रियंक श्रीवास्तव, तहसीलदार बड़ागांव अरूण चंद्रवंशी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड नलखेड़ा रायसिंह मोर्य, कृषि विस्तार अधिकारी आनंद पटेल, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के जिला प्रतिनिधि हेमन्त पाटीदार सहित संबंधित हल्का पटवारी उपस्थित रहे.

## विद्यारंभ संस्कार मानव जीवन का महत्वपूर्ण संस्कार है

**शुजालपुर, 29 जनवरी. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उमावि शुजालपुर मंडी के सरस्वती शिशु वाटिका में विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि अभिभावक दीपक नेमा, अभिभावक प्रवीण वैष्णव, शुजालपुर महाविद्यालय स्थापना समिति अध्यक्ष रामगोविन्द नेमा, समिति सदस्य एवं जिला संघचालक हुकुम सिंह धनगर, संस्था प्राचार्य विनोद कुमार चंद्रवंशी तथा अन्य अभिभावक और विद्यारंभ संस्कार के लिए आए नन्हे मुन्ने भैया बहिनों के साथ उनके माता-पिता उपस्थित थे.**

सर्वप्रथम आचार्य दीदियों और उपस्थित जनसमूह ने चारों वेदों की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुन: विद्यालय में सम्पन्न हुई. शिशु वाटिका प्रधानाचार्य सोनिया वाजार ने कहा कि विद्यारंभ संस्कार मानव जीवन का महत्वपूर्ण संस्कार है. गुरु के मार्गदर्शन में विद्यार्जन करने की शुरुआत होती है. यह बच्चे के बौद्धिक विकास एवं अनुशासन की नींव रखता है. वैसे तो कहते हैं कि मां प्रथम गुरु होती है. जन्म से लेकर विद्यालय आगमन तक हर क्षण मां अपने सानिध्य में बालक को शिक्षा देती हैं. इस कार्यक्रम में अभिभावक दीपक नेमा और आचार्य परिवार का विशेष सहयोग रहा. संस्था प्राचार्य विनोद कुमार चंद्रवंशी ने सहयोगियों का आभार व्यक्त किया.

**एक नजर में** — शासकीय विवेकानंद उमावि भरड में किया जा रहा करियर मेले का आयोजन

## बच्चों को दी रोजगार पाने और स्वरोजगार स्थापित करने की जानकारियां

**शाजापुर, 29 जनवरी. शासकीय विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरड में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक शासन के आदेश अनुसार करियर मेले का आयोजन किया जा रहा है. जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन गांव के सरपंच प्रतिनिधि सवाई सिंह जी नाहर के द्वारा किया गया एवं अतिथि गोविंद कारपेंटर रिटायर सीआरपीएफ अधिकारी द्वारा सैन्य क्षेत्र में जाने वाले बच्चों को उनके भविष्य से संबंधित जानकारी दी.**




बच्चों को सैन्य क्षेत्र में जाने के लिए आवश्यक सब्जेक्ट का चयन करना और किन-किन विषयों का अनुभव होना आवश्यक है और किस प्रकार से वह तैयारी कर सकते हैं इसके साथ बच्चों को करियर से संबंधित वीडियो यूट्यूब के माध्यम से दिखाई गई. साथ ही विद्यालय के रसायन शास्त्र के शिक्षक अरुण शर्मा द्वारा भी बच्चों को करियर के संबंध में जानकारी दी गई.

### आईटीआई से कोर्स करके अपना रोजगार प्रारंभ कर सकते है...

दूसरे दिन अतिथि राम लखन शर्मा आईटीआई शिक्षक शाजापुर उपस्थित हुए . उन्होंने बच्चों को आईटीआई में संचालित विभिन्न प्रकार के कोर्सों की जानकारी दी . उन्होंने बताया कि आईटीआई में विभिन्न कोर्स संचालित है जिसे वह रोजगार प्राप्त कर सकते हैं . जिन बच्चों के पढ़ने में कम पढ़ने में कम रुचि है और वह अन्य फील्ड में जाना चाहते हैं वह बच्चे रोजगार के लिए आईटीआई से कोर्स करके अपना रोजगार प्रारंभ कर सकते हैं. साथ ही उन्होंने पॉलिटेक्निक महाविद्यालय एवं इंजीनियरिंग संस्थानों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मायाराम पाटीदार द्वारा भी बच्चों के करियर के लिए समझाईश दी गई कि उन्हें विद्यालय में आकर नियमित कक्षा लेना चाहिए जिनसे उन्हें करियर में मदद मिल सके वह चाहे तो किसी भी शिक्षक के पास जाकर अपने चुने गए करियर से संबंधित जानकारी ले सकते हैं . क्योंकि विद्यालय में सभी शिक्षक किसी न किसी विषय में एक अपनी उच्च योग्यता रखते हैं जिनके बच्चे लाभ ले सकते हैं .

### कामर्स संकाय संबंधित दी जानकारी...

तीसरे दिन विद्यालय में बीएन कॉलेज शाजापुर के वाणिज्य संख्या के प्राध्यापक डॉ. सुनील आडवाणी ने विद्यालय में उपस्थित होकर बच्चों को कॉमर्स विषय से संबंधित फिल्ड के बारे में बताया कि आप इस विषय के द्वारा कौन-कौन से कोर्स कर सकते हैं और किस फील्ड में आप जा सकते हैं और उनकी तैयारी किस प्रकार करना है उन्होंने नवी दसवीं के बच्चों को आगामी 11वीं 12वीं में किस प्रकार से कोर्स का चयन करना है उन्होंने बच्चों को सबसे पहले एक शपथ लेने का कहा कि कुछ भी हो जाए आपको पढ़ाई नहीं छोड़नी है . जिससे आप अपना और अपने घर का भविष्य सुधर सकते हैं . विद्यालय के वाणिज्य विषय के शिक्षक अंकित शर्मा द्वारा भी बच्चों को वाणिज्य के विषय से संबंधित तैयारी की बारीकियां बताई गई . उन्होंने बच्चों को अपने विषय के साथ-साथ ही अन्य विषयों पर भी फोकस करने की बात कही गई इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा . कार्यक्रम के प्रभारी आलोक राय द्वारा मंच संचालन किया गया . श्रीमती संगीता श्रीवास्तव एवं श्रीमती ज्योति भटनागर द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया . आभार नेहा पटवा ने माना .